मुख्यमंत्री ने बालिकाओं और कामकाजी महिलाओं को वितरित की ई-साइकिल

''ई-साइकिल वितरण समारोह में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा, ''बेटियों की मुस्कान ही हमारी ताकत है''

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर । मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि हमारी सरकार बालिका शिक्षा, महिला सुरक्षा, महिला सशक्तीकरण और महिला उत्थान को प्राथमिकता मानते हुए काम कर रही है। उन्होंने कहा कि बेटियों की मुस्कान ही हमारी ताकत है तथा हम प्रदेश की महिला शक्ति के उत्थान के लिए तत्पर हैं। महिलाओं और बेटियों के शिक्षित और सशक्त होने से ही देश और समाज सशक्त होगा। शर्मा शनिवार को मुख्यमंत्री निवास पर बालिकाओं को ई-साइकिल वितरण समारोह के अवसर पर संबोधित कर रहे थे।

भजनलाल शर्मा ने कहा कि माताएं-बहनें हमारी संस्कृति एवं संस्कारों को अगली पीढ़ी तक पहुंचाती हैं। मातृशक्ति समाज और परिवार में बच्चों के पालन से लेकर बुजुर्गों की सेवा तक विभिन्न भूमिकाओं का बखूबी निर्वहन करती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' का मूलमंत्र देकर लिंगानुपात में सुधार तथा बालिका शिक्षा को बढ़ावा दिया। उन्होंने कहा कि इसी दिशा में राज्य सरकार का प्रयास है कि कोई भी बेटी शिक्षा से वंचित न रहे। राज्य सरकार द्वारा गार्गी पुरस्कार योजना के तहत 3.90 लाख बालिकाओं एवं बालिका प्रोत्साहन पुरस्कार योजना के तहत लगभग 2 लाख बालिकाओं को प्रोत्साहन दिया गया है। उन्होंने कहा कि लाडो प्रोत्साहन योजना के तहत गरीब परिवारों को बालिकाओं के जन्म पर 1 लाख 50 हजार रुपये का सेविंग बॉन्ड मिल रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने अब तक विभिन्न योजनाओं में लगभग 11 लाख से अधिक छात्राओं को साइकिल प्रदान की है। मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि प्रदेश में महिला सशक्तीकरण की दिशा में मुख्यमंत्री नारी शक्ति उद्यम प्रोत्साहन योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना एवं मुख्यमंत्री मातृत्व पोषण योजना संचालित की जा रही हैं। राज्य सरकार ने प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना में प्रोत्साहन राशि को बढ़ाकर 6 हजार 500 रुपये किया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार पांच साल में चार लाख सरकारी एवं निजी क्षेत्र में 6 लाख नौकरियों के संकल्प को पूरा करेगी।

मुख्यमंत्री ने बालिकाओं से आत्मीयता से संवाद करते हुए उनकी जिज्ञासाओं को पूरा किया। छात्रा सीमा यादव ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ई-साइकिल से सपनों को नई उडान मिलेगी। वहीं, छात्रा अभिनीति ने कहा कि ई-साइकिल से आवागमन में होने वाली पैसे की बचत से वह कम्प्यूटर की पढ़ाई कर सकेंगी।

इसी तरह, छात्रा विनीता गोठवाल के साइकिल चलाने के सवाल पर मुख्यमंत्री ने आत्मीयता से कहा कि उनके छात्र जीवन में स्कूल जाने के लिए वे साइकिल का उपयोग करते थे। संवाद के दौरान निजी क्षेत्र में कार्यरत लाभार्थी आशा ने मुख्यमंत्री से कहा कि ई-साइकिल के मिलने से उनको आवागमन में सुविधा मिलेगी तथा समय व पैसे की बचत होगी और वह फिट इंडिया मुहिम का हिस्सा भी बन सकेंगी। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने वाली छात्रा रितिका ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा जारी भर्ती परीक्षाओं का कैलेण्डर जारी करने से बेहतर तैयारी हो पा रही है तथा पेपरलीक जैसी घटनाओं पर अंकुश लगने से उनका आत्मविश्वास भी बढ़ा है। उन्होंने आभार जताते हुए कहा कि उनके पिता विशेष योग्यजन हैं तथा मुख्यमंत्री को देखकर उन्हें परिवार के सदस्य जैसा प्रतीत होता है जिन्होंने ई-साइकिल का उपहार दिया। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर आ ान किया कि वे सभी दृढ़ निश्चय एवं कड़ी मेहनत के साथ अपने सपनों को पूरा करें। राज्य सरकार बालिकाओं के उज्ज्वल भविष्य के लिए उनके साथ खड़ी है।

मुख्यमंत्री ने इस दौरान बालिकाओं एवं कामकाजी महिलाओं को ई-साइकिल वितरित की। कार्यक्रम में ईईएसएल की ई-बाईसाइकिल प्रोग्राम हैड रितु सिंह सहित बड़ी संख्या में लाभार्थी बालिकाएं एवं कामकाजी महिलाएं उपस्थित रहीं।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शनिवार को निज निवास पर बालिकाओं को ई-साइकिल वितरित की और उनसे संवाद किया।

■ भजनलाल शर्मा ने कहा कि ''बालिका शिक्षा, महिला सुरक्षा, महिला सशक्तिकरण और महिला उत्थान राज्यसरकार की प्राथमिकता है।

साथिन-आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने जताया उपमुख्यमंत्री का आभार

साथिन और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने शनिवार को उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी से मुलाकात कर राजस्थान सरकार के हालिया फैसलों के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और उनका आभार जताया।

जयपुर । साथिन और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने राजस्थान सरकार के हालिया फैसलों के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी का आभार व्यक्त किया।

कार्यकर्ताओं ने कहा कि ग्राम पंचायतों के नगर पालिकाओं में विलय के बाद उन्हें मानदेय सेवा से हटा दिया गया था, लेकिन सरकार ने बड़ा निर्णय लेकर सभी को फिर से मानदेय सेवा में बहाल किया और आज वे ऑन ड्यूटी है।

कार्यकर्ताओं ने उल्लेख किया कि उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी के नेतृत्व और संवेदनशीलता के कारण ही यह निर्णय संभव हो सका। उन्होंने हमेशा महिला सशक्तिकरण और साथिन-आंगनबाड़ी कर्मियों के हितों के लिए आवाज उठाई है। इसके अलावा उन्होंने रक्षा बंधन पर मिली 501 रुपये की राशि, 1 किलो मिठाई और छाता वितरण के लिए भी सरकार का धन्यवाद किया। साथ ही 463 महिलाओं को महिला पर्यवेक्षक पद देने, ग्रेच्युटी की बजट घोषणा और दो साल में 10 प्रतिशत मानदेय बढ़ोतरी के लिए भी आभार जताया। कार्यकर्ताओं ने कहा कि राज्य सरकार के इन फैसलों से उनका मनोबल बढ़ा है और वे और अधिक समर्पण के साथ काम करेंगी।

सप्त शक्ति कमान ने मनाया आवा दिवस

जयपुर। सप्त शक्ति आवा ने 23 अगस्त को सप्त शक्ति ऑडिटोरियम में बड़े ही गर्व और उत्साह के साथ 59वां आवा दिवस मनाया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में आवा की क्षेत्रीय अध्यक्षा बरिंदर जीत कौर उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में वरिष्ठतम वेटरन लेडी , वीर नारियाँ तथा अन्य गणमान्य महिलाएँ भी सम्मिलित हुई। एडब्ल्यूडब्ल्यूए दिवस के अवसर पर, संगठन द्वारा कई सार्थक कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन कार्यक्रमों में 19 और 20 अगस्त को जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों - मधुमेह, उच्च रक्तचाप, मोटापा, एनीमिया, दृष्टि देखभाल और कैंसर (मैमोग्राफी और पैप स्मीयर) की व्यापक जाँच के लिए एक दो दिवसीय चिकित्सा शिविर आयोजित किया। सप्त शक्ति ऑडिटोरियम में एक मनमोहक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एडब्ल्यूडब्ल्यूए अध्यक्षा ने वीडियो संदेश के माध्यम से समस्त एडब्ल्यूडब्ल्यूए परिवार को बधाई और शुभकामनाएँ दीं। क्षेत्रीय अध्यक्षा ने भी एडब्ल्यूडब्ल्यूए के समस्त परिवार को अपनी शुभकामनाएँ प्रेषित कीं। आर्मी पब्लिक स्कूल जयपुर के छात्रों द्वारा प्रस्तुत जीवंत सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम को और भी आकर्षक बना दिया। इस मौके पर फिक्की फ्लो, जयपुर चैप्टर और सप्त शक्ति एडब्ल्यूडब्ल्यूए के बीच एक ऐतिहासिक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। यह सहयोग कौशल विकास, डिजिटल साक्षरता और उद्यिमता के माध्यम से महिलाओं को सशक्त बनाने के साझा संकल्प का प्रतीक है, जो नए अवसर और प्रगति के मार्ग प्रशस्त करेगा। कार्यक्रम के दौरान सहयोगियों, आर्मी पब्लिक स्कूल के छात्रों तथा एडब्ल्यूडब्ल्यूए पुरस्कार विजेताओं को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित करने हेतु एक सम्मान समारोह भी आयोजित किया गया।

वाइस प्रिंसिपल को पदावतन करने पर रोक, जवाब मांगा

जयपुर । राजस्थान हाईकोर्ट ने माध्यमिक शिक्षा विभाग के वाइस प्रिंसिपल को पदावनत कर वापस व्याख्याता लगाने के आदेश पर रोक लगा दी है। इसके साथ ही अदालत ने मामले में विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव, कार्मिक सचिव और माध्यमिक शिक्षा निदेशक को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। जस्टिस महेन्द्र कुमार गोयल की एकलपीठ ने यह आदेश सत्यनारायण की याचिका पर प्रारंभिक सुनवाई करते हुए दिए।

याचिका में अधिवक्ता विजय पाठक ने अदालत को बताया कि याचिकाकर्ता को 28 फरवरी, 2023 को व्याख्याता से वाइस प्रिंसिपल पद पर पदोन्नत किया गया था। तब से याचिकाकर्ता वाइस प्रिंसिपल पद का काम करता चला आ रहा है। इस दौरान विभाग ने जुलाई, 2024 में काउन्सलिंग कर उसे इस पद पर नियमित नियुक्ति देते हुए दूसरी स्कूल में कार्य ग्रहण करवा दिया।

वैश्विक महाशक्तियां स्वार्थों के कारण भारतीय आर्थिक हितों को नुकसान पहुँचा रही : सतीश कुमार

सीतापुरा औद्योगिक क्षेत्र में स्वदेशी सुरक्षा एवं स्वावलंबन अभियान के तहत उद्यिमयों की बैठक

जयपुर। स्वदेशी जागरण मंच के अखिल भारतीय सह-संगठक सतीश कुमार ने कहा है कि वैश्विक महाशक्तियां अपने स्वार्थों के कारण भारतीय आर्थिक हितों को नुकसान पहुँचा रही हैं।

अमेरिका लगातार टैरिफ बढ़ाकर भारत के हितों पर आघात कर रहा है और अपनी शर्तें भारत पर थोपना चाहता है, जो देशहित में स्वीकार्य नहीं है। वे स्वदेशी जागरण मंच जयपुर प्रांत की ओर से स्वदेशी सुरक्षा एवं स्वावलंबन अभियान के अंतर्गत सीतापुरा औद्योगिक क्षेत्र स्थित फरिश्ता एक्सपोर्ट्स में उद्यिमयों की महत्वपूर्ण बैठक को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि एक जिम्मेदार भारतीय नागरिक होने के नाते हमें दैनिक जीवन की वस्तुओं की सूची बनाकर विदेशी वस्तुओं का बहिष्कार करना होगा और स्वदेशी उत्पादों को अपनाना होगा। जहां तक संभव हो, उद्योग-धंधों में भी स्वदेशी मशीनों एवं उपकरणों का प्रयोग किया जाना चाहिए। उन्होंने जोर देकर कहा कि स्थानीय उत्पादों और स्वदेशी वस्तुओं के प्रयोग से ही देश की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी तथा विदेशी और बहुराष्ट्रीय कंपनियों पर निर्भरता घटेगी।

सतीश कुमार ने कहा कि अमेरिका, चीन, तुर्की और अजैरबान जैसे देशों का रवैया कभी भारत समर्थक नहीं रहा है।

इन देशों ने आतंकवाद के मुद्दे पर पाकिस्तान का समर्थन किया है, इसलिए इनको आर्थिक गतिविधियों के माध्यम से दंडित करना आवश्यक है। इसका एकमात्र विकल्प स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग और खरीद-फरोख्त को बढ़ावा देना है। प्रांत प्रचार प्रमुख डॉ. धर्मवीर चंदेल ने बताया कि अभियान का मुख्य उद्देश्य भारतीयों द्वारा स्वदेशी वस्तुओं का पूर्ण उपयोग, सम्मान और विदेशी कंपनियों के उत्पादों का परित्याग करना है।

बैठक में उद्यिमयों की प्रमुख समस्याओं पर चर्चा की गई और उनके समाधान के उपायों पर विचार-विमर्श हुआ। इस अवसर पर प्रांत संयोजक सुरेंद्र कुमार नामा, प्रांत समन्वयक लोकेन्द्र सिंह, प्रांत सह-समन्वयक दिनेश कुमार शर्मा, विभाग सह-संयोजक राम प्रसाद शर्मा, जयपुर महानगर संयोजक शंभू सिंह, सांगानेर महानगर संयोजक शेर सिंह सहित अनिरुद्ध जोशी, पुरुषोत्तम जोशी, महेश कालूवास तथा सीतापुरा इंडस्ट्रियल एरिया के 35 उद्यमी उपस्थित थे।

स्वदेशी जागरण मंच के अखिल भारतीय सह-संगठक सतीश कुमार ने सीतापुरा औद्योगिक क्षेत्र में उद्यामियों से बातचीत की।

30 और 31 अगस्त को लिखित परीक्षा

जयपुर । पुलिस विभाग में पदोन्नित की राह देख रहे उप निरीक्षकों के लिए खुशखबरी है। पुलिस मुख्यालय, जयपुर ने उप निरीक्षक से पुलिस निरीक्षक (एपी/सीपी) पद पर पदोन्नित के लिए होने वाली योग्यात्मक परीक्षा 2022-23 की अस्थाई पात्रता-अपात्रता सूची जारी कर दी है। चयन समिति के सदस्य और पुलिस अधीक्षक सीआईडी सीबी लक्ष्मणदास द्वारा जारी पत्र के अनुसार जिन उम्मीदवारों को इस सूची में पात्र माना गया है, उनकी लिखित परीक्षा 30 और 31 अगस्त को जयपुर में आयोजित की जाएगी।

मोदी सरकार की ''विवाद से विश्वास'' योजना व्यापारियों-उद्यिमयों को दे रही राहत : मदन राठौड़

इस योजना के द्वितीय चरण में 4138 करोड़ की राशि का समाधान हुआ : भाजपा प्रदेशाध्यक्ष

जयपुर । भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा शुरू की गई ''विवाद से विश्वास योजना'' का द्वितीय चरण करदाताओं को बड़ी राहत प्रदान कर रहा है। यह योजना मुख्य रूप से आयकर दाताओं के लंबित विवादों के समाधान के उद्देश्य से शुरू की गई है, जिससे करदाताओं को एक निर्धारित राशि का भुगतान कर अपने विवादों का त्वरित और न्यायपूर्ण निपटारा करने का अवसर मिल रहा है। राठौड़ ने बताया कि विवाद से विश्वास योजना-2 को 1 अक्टूबर, 2024 से लागू किया गया है। इसके अंतर्गत अब तक 1249 आवेदन/दावे प्राप्त हुए हैं, जिनमें से 336 मामलों का समाधान सफलतापूर्वक किया जा चुका है। इस योजना का मुख्य फोकस सरकारी ई-मार्केटप्लेस और रेल मंत्रालय की गैर-जेम संविदाओं के अंतर्गत उत्पन्न विवादों के निपटान पर है।भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने बताया कि प्राप्त आंकड़ों के अनुसार इस योजना के तहत निपटाए गए विवादित मामलों की कुल राशि 5557 करोड़ रही है, जिसमें से अब तक 4138 करोड़ का समाधान किया जा चुका है। इसी प्रकार आईआरईपीएस और एमओआर पोर्टल के माध्यम से 553.64 करोड़ की विवादित राशि और 727.08 करोड़ के दावों का भी सफल निपटारा हुआ है। राठौड़ ने कहा कि यह उपलब्धि केंद्र सरकार की विवाद निपटान के प्रति गंभीरता और प्रतिबद्धता को दर्शाती है। योजना पारदर्शिता और जवाबदेही के सिद्धांतों पर आधारित है, जिससे व्यापारियों और उद्यिमयों को राहत मिली है और राजस्व प्रक्रिया भी अधिक सरल हुई है।भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि इस प्रकार की योजनाएं न केवल सरकार की नीतिगत स्पष्टता को दर्शाती हैं, बल्कि करदाताओं को यह विश्वास भी देती हैं कि सरकार उनके हितों के प्रति संवेदनशील है और उनके विवादों का समाधान शीघ्रता से करने के लिए प्रतिबद्ध है। विवाद से विश्वास योजना को वित्त मंत्रालय द्वारा पुन: प्रारंभ किया गया है। इसका उद्देश्य लंबित प्रत्यक्ष कर विवादों को समाप्त करना है और कर, जुर्माना, ब्याज एवं शुल्क से संबंधित मुद्दों के त्वरित समाधान हेतु एक सरल और व्यावहारिक ढांचा प्रदान करना है। इस योजना के माध्यम से सरकार मुकदमेबाजी की प्रक्रिया को कम कर करदाताओं का समय और संसाधन बचा रही है। इससे सरकार और नागरिकों के बीच विश्वास की भावना को बल मिलता है।

सांसद खेल महोत्सव सभी लोकसभा क्षेत्रों में 29 अगस्त से

जयपुर । भारतीय जनता पार्टी 29 अगस्त से प्रदेश के सभी लोकसभा क्षेत्रों में 'सांसद खेल महोत्सव' का आयोजन करेगी। भाजपा प्रदेश कार्यालय प्रभारी मुकेश पारीक ने बताया कि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ के निर्देश पर खेल महोत्सव के सफल आयोजन के लिए पार्टी के 25 वरिष्ठ नेताओं एवं सांसदों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। पारीक ने बताया कि लोकसभा क्षेत्र श्रीगंगानगर में पूर्व प्रदेशाध्यक्ष अशोक परनामी, बीकानेर में केंद्रीय मंत्री अर्जुन मेघवाल, चुरू में सांसद घनश्याम तिवाड़ी, झुंझुनूं में प्रदेश उपाध्यक्ष नारायण लाल पंचारिया, सीकर में पूर्व सांसद सुमेधानंद सरस्वती, जयपुर ग्रामीण में सांसद राव राजेंद्र सिंह, जयपुर शहर में सांसद मंजू शर्मा, अलवर में केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव, भरतपुर में पूर्व सांसद निहालचंद मेघवाल, करौली में पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अरूण चतुर्वेदी, दौसा में पूर्व सांसद मनोज राजौरिया, टोंक-सवाई माधोपर में पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड, अजमेर में केंद्रीय राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी, नागौर में सांसद राजेंद्र गहलोत, पाली में सांसद पीपी चौधरी, जोधपुर में केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत को आयोजन की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

पुराने लंबित मुकदमों का निस्तारण करेंगे सेवानिवृत्त जज : केन्द्रीय विधि मंत्री

पूर्व न्यायाधीश गणपत सिंह भंडारी की ओर से लिखित पुस्तक ''तत्काल न्याय प्रदान करना: पूर्व जज की यादें'' का विमोचन

जयपुर । केंद्रीय विधि मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा कि अदालतों में लंबित मुकदमों का निस्तारण सेवानिवृत्त जजों के जरिए कराने पर प्रारंभिक रूप से सहमति बन गई है।

इसके लिए हाईकोर्ट प्रशासन की ओर से छंटनी कर शारीरिक रूप से सक्षम पूर्व न्यायाधीशों के नाम भेजे जाए। इसके साथ ही इवनिंग कोर्ट्स के संचालन को लेकर भी चर्चा की जा रही है। इस साल हाईकोर्ट में बड़ी संख्या में जजों की नियुक्ति की गई है। इससे मुकदमों के निस्तारण में सहायता मिलेगी।

केन्द्रीय विधि मंत्री मेघवाल ने यह विचार पूर्व न्यायाधीश गणपत सिंह भंडारी की ओर से लिखित पुस्तक तत्काल न्याय प्रदान करना: पूर्व जज की यादें के विमोचन समारोह में रखे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विशिष्ट अतिथि जस्टिस संजीव प्रकाश शर्मा ने कहा कि जज की यह कोशिश रहती है कि केस के हर पहलू को देखकर मुकदमे का निस्तारण किया जाए। वकील को तारीख इसलिए दी जाती है कि वह केस से जुड़ा हर तथ्य सामने रख सके। जस्टिस शर्मा ने कहा कि मध्यस्थता के जरिए दोनों पक्षों की सहमति से मुकदमे का तत्काल निस्तारण किया जाता है।

पुस्तक के लेखक गणपत सिंह भंडारी ने बताया कि पुस्तक में तत्काल न्याय देने के अनुभवों के बारे में जानकारी दी गई है।

अपने सेवाकाल के बारे में बताते हुए भंडारी ने बताया की उन्होंने अपनी पूरी सेवा में कभी भी फैसला सुरक्षित नहीं रखा।

जिस दिन बहस पूरी होती थी, उसी दिन फैसला दिया जाता था। इसके अलावा बंटवारे सहित सिविल मुकदमों में मौके पर जाकर मुकदमों का निस्तारण किया जाता था।

कार्यक्रम में जस्टिस अनुरूप सिंघी, महाधिवक्ता राजेन्द्र प्रसाद, सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश जीएस सिंघवी, जस्टिस एनके जैन, पूर्व लोकायुक्त एस.एस. कोठारी सहित विधि क्षेत्र से जुडे लोग मौजूद रहे।

केंद्रीय विधि मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने शनिवार को जयपुर में पूर्व न्यायाधीश गणपत सिंह भंडारी की पुस्तक ''तत्काल न्याय प्रदान करना: पूर्व जज की यादें'' का विमोचन किया। इस मौके पर जस्टिस अनुरूप सिंघी, पुस्तक के लेखक गणपत सिंह भंडारी, महाधिवक्ता राजेन्द्र प्रसाद, सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश जीएस सिंघवी, जस्टिस एन.के. जैन, पूर्व लोकायुक्त एस.एस. कोठारी भी मौजूद थे।

फिट इंडिया मिशन के तहत राजस्थान पुलिस का फिटनेस डोज

जयपुर। फिट इंडिया मूवमेंट जिसकी शुरुआत प्रधानमंत्री द्वारा 2019 में की गई थी, का उद्देश्य फिटनेस को सभी नागरिकों के दैनिक जीवन का अभिन्न अंग बनाना है। इसी पहल के अंतर्गत युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से राजस्थान पुलिस रविवार को ''संडेज ऑन साइकिल'' अभियान का एक विशेष संस्करण आयोजित किया जा रहा है। यह कार्यक्रम राज्य के सभी जिला मुख्यालयों, पुलिस,आर्म्ड बटालियन, प्रशिक्षण संस्थानों और अन्य पुलिस इकाइयों में होगा। इस आयोजन में केवल साइकिलिंग ही नहीं बल्कि योग, ज़ुम्बा, रनिंग और रोप स्कीपिंग जैसी अन्य फिटनेस गतिविधियां भी शामिल होंगी। इन गतिविधियों का उद्देश्य आम जनता में उत्साह बढ़ाना है।

इस आयोजन का व्यापक रूप से प्रचार-प्रसार किया जा रहा है ताकि पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ-साथ आम नागरिक, स्थानीय साइक्लिंग क्लब, स्कूल और कॉलेज के छात्र, एनजीओ और अन्य समूह भी इसमें शामिल हो सकें। इस पहल का मुख्य संदेश ''फिटनेस की डोज आधा घंटा रोज'' है, जिसे सभी तक पहुँचाया जाएगा। इस विशेष अभियान में विभिन्न जिलों और इकाइयों से लगभग 16 हजार 950 से अधिक लोगों के भाग लेने का अनुमान है। जयपुर शहर पुलिस लाईन में योगा और साइकिलिंग में 700 लोगों के शामिल होने की उम्मीद है। आरपीए में योग, साइकिलिंग और रनिंग में 600 लोग भाग लेंगे। जोधपुर ग्रामीण पुलिस, प्रशिक्षण संस्थान और आरएसी की तरफ से होने वाले कार्यक्रम में लगभग 1 हजार 600 लोगों के हिस्सा लेने का अनुमान है। भरतपुर में पुलिस और आरएसी की तरफ से होने वाले योगा और साइकिलिंग कार्यक्रम में 500 लोग भाग ले सकते हैं। बूंदी में साइकिलिंग और रनिंग में 500 से अधिक लोगों के शामिल होने की संभावना है। कोटा सिटी पुलिस, ग्रामीण पुलिस और आरएसी में योग, साइकिलिंग और जुम्बा में 300 लोग भाग लेंगे। उदयपुर में फतेहसागर लेक पर योगा, साइकिलिंग और जुम्बा में 150 लोगों के शामिल होने की उम्मीद है। यह अभियान फिटनेस को बढ़ावा देने और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाने में एक महत्वपूर्ण कदम है।

■ ''संडेज ऑन साइकिल'' अभियान से जुड़ेंगे 17 हजार से अधिक लोग